

महाराष्ट्र: गठबंधन सरकार में खुलकर सामने आए मतभेद

लोस-रास का टिकट नहीं मिलने पर छलका भुजबल का दर्द

मुंबई। ए। महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल विस्तार और राज्यसभा नामांकन जैसे अनसुलझे मुद्दों को लेकर खुली चेतावनियों के बीच सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में तनाव बढ़ रहा है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को रिक्त राज्यसभा सीट के लिए मनोनीत किए जाने पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में असंतोष की खबरें सामने आई हैं। इस कदम से राकांपा में असंतोष भड़क गया है। विशेष रूप से वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने नाराजगी व्यक्त की है, जो राज्यसभा सदस्य बनना चाहते थे।

प्रमुख ओबीसी नेता भुजबल ने पार्टी की निर्णय प्रक्रिया में दरकिनार किए जाने की भावना का संकेत देते हुए लोकसभा और राज्यसभा दोनों चुनावों के लिए टिकट आवंटन की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, '(उन्हें टिकट न दिए जाने के) पीछे कारण हो सकते हैं। कभी-कभी यह नियति या किसी प्रकार की मजबूरी होती है।' उन्होंने इस सवाल पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया कि क्या वंशवाद की राजनीति के चलते ऐसा हुआ है। यह पूछे जाने पर कि क्या लोकसभा और राज्यसभा टिकट को लेकर उनके साथ अन्याय हुआ है, भुजबल ने स्पष्ट रूप से नाराज होते हुए कहा कि यह सवाल 'उनसे' पूछा जाना चाहिए। भुजबल ने कहा, 'यह (सांसद बनने की) मेरी इच्छा है। इसलिए मैं नासिक लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए तैयार था।

पार्टी हितों को ध्यान रखते हुए सीट छोड़ने पर फैसला लेंगे राहुल

वायनाड से प्रियंका के उपचुनाव लड़ाने की अटकलें

नवभारत नेशनल ब्यूरो, नई दिल्ली।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस बार रायबरेली और वायनाड दोनों सीटों पर भारी वोटों से जीत हासिल की है, लेकिन अभी तक उन्होंने इस बात से अपने पत्ते नहीं खोले हैं कि वे कौन सी सीट छोड़ने वाले हैं? मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों और हिन्दी भाषी राज्यों में कांग्रेस की खस्ता हालत को देखते हुए कहा जा रहा है कि वे रायबरेली से सांसद बने रहेंगे, जबकि वायनाड सीट से इस्तीफा देंगे। इसके बाद यहां से उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा उपचुनाव लड़ सकती हैं। दिलचस्प बात यह है कि राहुल की दादी व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी सन् 1980 में एक साथ रायबरेली और आंध्र प्रदेश की मेंडक सीट से चुनाव जीती थीं, लेकिन उन्होंने रायबरेली से इस्तीफा दिया था। इसके बाद सन् 1999 में राहुल की मां सोनिया गांधी भी एक साथ अमेठी और कर्नाटक की बेल्लारी सीट से चुनाव जीतीं, लेकिन बाद में उन्होंने बेल्लारी से इस्तीफा दिया और अमेठी से सांसद बनी रहीं।

सूत्रों का कहना है कि इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी दोनों ने पार्टी हितों व समय की जरूरत के हिसाब से फैसला लिया था। अब राहुल के सामने भी उसी तरह की स्थिति है। लंबे अरसे बाद यूपी में कांग्रेस को ऑक्सीजन मिली है। सांगठनिक ढांचा चरमराया होने के बाद भी पार्टी वहां 17 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ कर छह पर जीत हासिल करने में सफल हुई है। साथ ही उसका वोट प्रतिशत भी 9.46 फीसदी पर पहुंच चुका है, जबकि दो वर्ष पहले ही हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी सिर्फ दो सीटें जीत सकी थी और उसका वोट प्रतिशत भी लुढ़क कर 2.36 फीसदी पर आ गया था। कांग्रेस को यूपी में अपनी खोई जमीन फिर से हासिल करने की उम्मीद जागी है और वह राज्य में नए सिरे अपने संगठन को मजबूत बनाने की योजना तैयार कर रही है। यदि यूपी में वह मजबूत हो जाती है तो इसका असर सभी हिन्दी भाषी राज्यों पर पडेगा। संगठन को लेकर राहुल खुद बेहद गंभीर हैं, जिसके चलते माना जा रहा है कि वे रायबरेली की सीट नहीं छोड़ेंगे। इसकी एक वजह यह भी है कि चुनाव प्रचार के दौरान सोनिया गांधी ने रायबरेली में स्थानीय जनता से सार्वजनिक रूप से भावुक अपील की थी कि वे अपना बेटा उन्हें सौंप रही हैं। वे राहुल को भी उसी तरह अपना माने, जैसा कि वे उन्हें मानते रहे हैं। तीसरी वजह यह है कि रायबरेली में उनकी जीत का मार्जिन वायनाड की तुलना में 25608 वोट ज्यादा है।

लंबे अरसे बाद यूपी में कांग्रेस को मिली है ऑक्सीजन

चर्चा के बाद ही वायनाड पर फैसला लेंगे राहुल

सूत्रों का कहना है कि वायनाड के बारे में कोई फैसला लेने को लेकर राहुल की कशमकश यह है कि वहां की जनता ने उन्हें सन् 2019 में रिकार्ड वोटों से सांसद बनाया जब देश में प्रचंड मोदी लहर चल रही थी। उस समय राहुल अमेठी से सांसद थे, लेकिन कांग्रेस के रणनीतिकार पहले ही माहौल को भांप गए थे, जिसके बाद उन्हें वायनाड से भी नामांकन भरने की सलाह दी गई थी। इस चुनाव में वे अपनी परंपरागत सीट अमेठी हार गए थे, लेकिन वायनाड से जीतने के बाद वे निरंतर वहां का दौरा करते रहे।

न्यूज डायरी

गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

नई दिल्ली।ए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर हमले समेत हाल में हुई कई आतंकवादी घटनाओं के मद्देनजर शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। शाह ने 16 जून को एक उच्चस्तरीय सुरक्षा बैठक भी बुलाई है, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के शीर्ष अधिकारियों समेत अन्य लोग शामिल होंगे।

राजग के लिए विक्रवंडी उपचुनाव लड़ेगी पीएमके : अन्नामलाई

चेन्नई।ए। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं ने सर्वसम्मति से फैसला किया है कि पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) 10 जुलाई को विक्रवंडी विधानसभा क्षेत्र में होने वाला उपचुनाव लड़ेगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अन्नामलाई ने एक बयान में गठबंधन दलों से विक्रवंडी निर्वाचन क्षेत्र में राजग उम्मीदवार की जीत के लिए मिलकर काम करने की अपील की।

विस चुनाव के बाद होगा सीएम का फैसला : संजय राउत

मुंबई।ए। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव होने के बाद ही मुख्यमंत्री पद पर फैसला करेगा। राउत ने यह टिप्पणी एक सवाल के जवाब में की। महाराष्ट्र में इस साल अक्टूबर महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं। यह पूछे जाने पर कि यदि विपक्षी एमवीए गठबंधन सत्ता में आता है, तो क्या शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे सरकार का नेतृत्व करेंगे, तो इस पर राउत ने कहा, ' चुनाव होने दीजिए। हम चुनाव जीतेंगे और फिर फैसला करेंगे।

मोदी के वाराणसी दौरे की तैयारियों का योगी ने जायजा लिया

वाराणसी (उप्र)।ए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार शाम यहां पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वाराणसी आगमन की तैयारियों का जायजा लिया। श्री मोदी का 18 जून को वाराणसी आगमन प्रस्तावित है। मोदी मेहंदीगंज में जनसभा और किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा प्रधानमंत्री बाबा काशी विश्वनाथ का दर्शन करेंगे और मां गंगा की आरती में भी शामिल होंगे।

दिल्ली के पूर्व मंत्री आनंद विधायक पद से अयोग्य घोषित

नई दिल्ली।ए। पूर्व समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद को दिल्ली विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आनंद अप्रैल में आम आदमी पार्टी (आप) और दिल्ली सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा देकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में शामिल हो गए थे।

मैं नीट जैसे प्रवेश परीक्षा 'घोटाले' का अंत कर दूंगा: स्टालिन

चेन्नई।ए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शुक्रवार को कहा कि वह चिकित्सा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) जैसे प्रवेश परीक्षा 'घोटाले' का अंत कर देंगे और अबाध शिक्षा की सुलभता सुनिश्चित करेंगे।

प्याज किसानों के असंतोष के कारण कम सीटें मिलीं : अजित पवार

पुणे। ए। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को स्वीकार किया कि हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में राज्य में सत्तारूढ़ महायुति के खराब प्रदर्शन के कारणों में प्याज के कम दाम समेत इससे जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर किसानों में असंतोष का मुद्दा भी शामिल रहा। उन्होंने कहा कि शिवसेना-भाजपा-राकांपा के गठबंधन को नासिक समेत राज्य के प्याज उत्पादन क्षेत्र में किसानों के असंतोष की कीमत चुकानी पड़ी जहां सत्तारूढ़ गठबंधन का प्रदर्शन खराब रहा। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी तीन दिन पहले माना था कि किसानों की नाराजगी महायुति गठबंधन के खराब प्रदर्शन का कारण रही।

देश की राजनीति की दिशा तय करेंगे तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव

भाजपा के लिए महाराष्ट्र व हरियाणा में दोबारा सरकार बनाने की चुनौती

महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड विस चुनावों की तैयारी में जुटा एनडीए व इंडिया

नवभारत नेशनल ब्यूरो। नई दिल्ली।

लोकसभा का हाल में हुआ चुनाव पहला चुनाव है, जिसके नतीजे आने के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों खेमों में नगाड़े बजे और मिठाइयां बांटी गईं। विपक्षी खेमा इसलिए गदगद है कि भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला और भाजपा इसलिए खुश है कि उसे बहुमत न मिलने के बावजूद तीसरी बार केंद्र की सत्ता हासिल हो गई। अहम बात यह है कि भीषण गर्मी में ढाई माह तक चला यह चुनाव बीतने के तुरंत बाद दोनों खेमे आगामी महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुट गए हैं। सूत्रों का मानना है कि इन तीनों राज्यों के नतीजे तय करेंगे कि भविष्य में देश की राजनीति किस दिशा में जाएगी? इनमें हरियाणा में तो भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला होना है, जबकि महाराष्ट्र व झारखंड में दोनों पार्टियां गठबंधन में चुनाव लड़ेंगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मंत्रिमंडल के गठन में जिस तरह से सामाजिक व क्षेत्रीय संतुलन पर ध्यान दिया है, उससे भाजपा की आगे की रणनीति का संकेत मिलता है। नए मंत्रिमंडल में न सिर्फ चुनाव वाले राज्यों पर जमकर मेहरबानी दिखाई गई है, बल्कि जातीय समीकरण भी साधने का प्रयास किया गया है।

महाराष्ट्र में भाजपा के लिए चुनौती काफी कड़ी

महाराष्ट्र में भाजपा के लिए चुनौती काफी कड़ी है, क्योंकि लोकसभा चुनाव ना केवल उसे भारी नुकसान हुआ, बल्कि उसकी सहयोगी एनसीपी (अजीत गुट) और शिवसेना (शिंदे) मंत्रिमंडल में सम्मानजनक प्रतिनिधित्व न मिलने से नाराज हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा का अविभाजित शिवसेना के साथ गठबंधन था। इस चुनाव में पार्टी ने 164 सीटों पर चुनाव लड़कर 105 सीटें जीती थी और 44.51 फीसदी वोट हासिल किए थे, लेकिन लोकसभा चुनाव में पार्टी सिर्फ नौ सीटों और 26.18 फीसदी वोटों पर सिमट गई और उसकी सहयोगी शिवसेना (शिंदे गुट) को सात और एनसीपी (अजित पवार गुट) को सिर्फ एक सीट पर संतोष करना पड़ा।

भाजपा की सीटें घटीं, लेकिन वोट प्रतिशत बढ़ा

जिन राज्यों में चुनाव होने हैं, वहां भाजपा की सीटों का नुकसान हुआ है, लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव के नतीजों की तुलना में महाराष्ट्र को छोड़ कर हरियाणा व झारखंड में उसका वोट प्रतिशत बढ़ा है। हरियाणा में भाजपा को पांच सीटों का नुकसान हुआ, लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में 9.62 फीसदी वोट अधिक मिले हैं। वहीं कांग्रेस न सिर्फ पांच सीटें जीतने में सफल रही है, बल्कि उसके वोट प्रतिशत में बड़ा उछाल आया है। विधानसभा चुनाव में उसे 31 सीटें और 28.08 फीसदी वोट मिले थे, जबकि बीते लोकसभा में उसे 43.67 फीसदी वोट मिले हैं। विधानसभा चुनाव में दुष्यंत चौटाला की जेजेपी भी 87 सीटों पर चुनाव लड़ कर 10 सीटें और 15.32 फीसदी वोट हासिल किए थे। बाद में इसने भाजपा को समर्थन दे दिया था, लेकिन लोकसभा चुनाव में इसकी बुरी तरह हार हुई है। सूत्रों का मानना है कि आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही होगा, लेकिन जेजेपी और आम आदमी पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ गए तो इसका फायदा भाजपा को ही मिलेगा।

राष्ट्रीय मुद्दों पर भी भाजपा को घेरने की तैयारी

आमतौर पर विधानसभा चुनाव के मुद्दे लोकसभा से अलग होते हैं, लेकिन इंडिया गठबंधन की पार्टियां स्थानीय मुद्दों के साथ राष्ट्रीय मुद्दों पर भी भाजपा को घेरने की तैयारी में हैं। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि जातीय जनगणना, सरकारों में खाली पड़ी 30 लाख नौकरियां व पेपर लीक समेत अन्य मुद्दों को पार्टी लगातार उठाती रहेगी। सूत्रों का मानना है कि भाजपा ने एनडीए के संख्या बल पर तीसरी बार केंद्र में सरकार तो बना ली है, लेकिन आगे इसका रूतबा तभी बरकरार रहेगा, जब वह तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करे।

अब लोकसभा स्पीकर भी बनाएगी भाजपा; जदयू भी राजी

कैबिनेट में पहले से है भाजपा का दबदबा

एजेंसियां। नई दिल्ली। केंद्रीय कैबिनेट में इस बार भी भारतीय जनता पार्टी का ही दबदबा रहने वाला है। जी हां, जनता दल (यूनाइटेड) ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए भाजपा उम्मीदवार का सपोर्ट करने की बात कही है। मालूम हो कि बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए का जदयू हिस्सा है। जदयू के नेता केसी त्यागी ने कहा कि उनकी पार्टी और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) एनडीए का हिस्सा हैं और लोकसभा स्पीकर पद के लिए बीजेपी की ओर से नामित कैंडिडेट का समर्थन करेंगे। त्यागी ने कहा, जेडीयू और टीडीपी मजबूती से एनडीए से जुड़े हैं। हम स्पीकर के लिए भाजपा के नामित व्यक्ति का समर्थन करेंगे।

केसी त्यागी से कुछ विपक्षी नेताओं की टिप्पणियों के बारे में सवाल पूछा गया। उनसे कहा गया कि क्या नया लोकसभा अध्यक्ष टीडीपी या जेडीयू से हो सकता है? इसके जवाब में उन्होंने भाजपा की ओर से नामित उम्मीदवार को समर्थन देने की बात कही। मालूम हो कि भाजपा केंद्र में अपने सहयोगियों के साथ गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रही है। जेडीयू लीडर त्यागी की टिप्पणी इस टिप्पणी को बड़े संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि बीजेपी स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार खड़ा कर सकती है।

26 जून को लोकसभा अध्यक्ष पद का चुनाव

लोकसभा 26 जून को अपने नए अध्यक्ष का चुनाव करेगी। सदन के सदस्य उम्मीदवारों के समर्थन में प्रस्ताव के लिए एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक नोटिस दे सकते हैं। 18वीं लोकसभा की पहली बैठक 24 जून को होगी और सत्र 3 जुलाई को समाप्त होगा। लोकसभा की ओर से इसे लेकर बुलेटिन जारी किया गया। इसमें कहा गया कि अध्यक्ष के चुनाव के लिए तय तिथि से एक दिन पहले कोई भी सदस्य अध्यक्ष पद के लिए किसी अन्य सदस्य के समर्थन में प्रस्ताव के लिए महासचिव को लिखित रूप से नोटिस दे सकता है। मौजूदा मामले में अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रस्ताव के वास्ते नोटिस मंगलवार, 25 जून दोपहर 12 बजे से पहले दिए जा सकते हैं।

संघ व भाजपा के तकरार की अटकलों ने पकड़ा जोर

भागवत के बाद अब इंद्रेश कुमार के बयान से मची हलचल

नवभारत नेशनल ब्यूरो। नई दिल्ली।

लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि भाजपा और संघ परिवार के बीच सबकुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। विशेष रूप से संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार के बयान ने इस मामले को और हवा दे दी है। वैसे दोनों संगठनों की ओर से भी तक औपचारिक रूप से कोई बयान नहीं आया है। सूत्रों का कहना है कि नुकसान की भरपाई और आगे की रणनीति तय करने के लिए जल्द ही भाजपा व संघ के नेताओं की बैठक हो सकती है।

इन्द्रेश कुमार ने एक कार्यक्रम में यह कह दिया कि भाजपा ने राम भक्ति तो की, लेकिन उन्हें अहंकार हो गया था। इसलिए प्रभु ने उन्हें पूर्ण बहुमत नहीं दिया, हालांकि संघ ने इन्द्रेश के वक्तव्य को आधिकारिक बयान नहीं माना है। इसके पहले भी संघ परिवार से जुड़ी एक पत्रिका में आरएसएस के आजीवन सदस्य रतन शारदा ने अपने लेख में लिखा कि भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चुनाव में सहयोग के लिए संघ से संपर्क नहीं किया। वे अति आत्मविश्वास में चुनावी मैदान में कूदे और अपने लोगों पर भरोसा जताने के बजाय बाहरी दलों से आए सेल्फी संस्कृति के लोगों को अधिक महत्व दिया। इतना ही नहीं चुनाव के दौरान ही भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का भी एक बयान आया, जिसमें उन्होंने यह कह दिया कि चुनाव जीतने के लिए पार्टी आरएसएस पर निर्भर नहीं है।

संघ और भाजपा की तरफ से बयानों पर अभी तक प्रतिक्रिया नहीं
जल्द ही भाजपा व संघ के नेताओं की बैठक संभव

लोकसभा चुनाव में भगवान राम ने अहंकार पर प्रहार किया : इंद्रेश कुमार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता इंद्रेश कुमार ने संकेतों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा है कि जो पार्टी राम की पूजा करती थी, वह अहंकारी हो गई, ऐसे में 2024 के चुनाव में वह सबसे बड़ी पार्टी बन तो गयी, लेकिन जो उसे सत्ता (अकेले पूर्ण बहुमत) मिलनी चाहिए थी, उसे भगवान राम ने अहंकार के कारण रोक दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन दोनों पर निशाना साधा। हालांकि, उन्होंने किसी पार्टी का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा कि भक्ति करने वाली पार्टी अहंकारी हो गई, उसे 241 पर ही भगवान ने रोक दिया, लेकिन उसे सबसे बड़ी पार्टी बना दिया और जिनकी राम में आस्था नहीं थी, उन सबको मिलकर भगवान ने 234 पर रोक दिया। कुमार जयपुर के पास कानोता में 'रामरथ अयोध्या यात्रा दर्शन पूजन समारोह' को संबोधित कर रहे थे।

केरल की मंत्री को कुवैत जाने से रोका मुख्यमंत्री, कांग्रेस केंद्र पर बरसे

तिरूवनंतपुरम/कोच्चि। ए। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज को राहत कार्यों में समन्वय के लिए कुवैत जाने की अनुमति देने से मना किये जाने पर मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और कांग्रेस नीत विपक्ष ने शुक्रवार को केंद्र सरकार की आलोचना की, जबकि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने इस फैसले का समर्थन किया। राज्य सरकार ने घायलों के इलाज और मृतकों के शवों को लाने सहित राहत कार्यों में मदद के लिए जॉर्ज को कुवैत भेजने का फैसला किया था। जॉर्ज ने विदेश मंत्रालय से अनुमति की उम्मीद में हवाई अड्डे पर कथित तौर पर घंटों इंतजार किया। राज्यपाल खान ने कहा कि जब शवों को शुक्रवार को लाया जा चुका है तो जॉर्ज बृहस्पतिवार को वहां जाकर क्या करतीं? उन्होंने कहा, 'इसलिए, यदि आप कल (बृहस्पतिवार को) जातीं और आज (शुक्रवार को) लौटतीं, तो वहां आप क्या करतीं?

फा.सं. 17(20)/2021-पीएल/एनजीटी
भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
नीति एवं विधि प्रभाग
एनजीटी प्रकोष्ठ

प्रथम तल, जल विंग, इंदिरा पर्यावरण भवन
जोर बाग रोड, नई दिल्ली-03

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में न्यायिक और विशेषज्ञ सदस्यों के प्रत्येक में पांच (5) रिक्त पदों को भरने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करता है.

योग्यताएं, पद की शर्तें, आयु सीमा, सेवा की शर्तें आदि मंत्रालय की वेबसाइट www.moef.gov.in पर उपलब्ध हैं. आवेदन पत्र सहित विज्ञापन का विवरण मंत्रालय की वेबसाइट https://parivesh.nic.in/newupgrade/#/legal-login पर उपलब्ध है.

मंत्रालय में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि प्रकाशन की तारीख से 12.07.2024 (24:00) बजे (मध्यरात्रि) है. सभी आवेदन पत्र संलग्नकों सहित ऑनलाइन लिंक https://parivesh.nic.in/newupgrade/#/legal-login पर जमा करने होंगे. मंत्रालय आवेदन पत्र जमा करने के किसी अन्य तरीके पर विचार नहीं करेगा और ना ही निर्धारित तारीख और समय के पश्चात प्राप्त किसी भी आवेदन पत्र पर कार्रवाई करेगा.

CBC 13101/11/0002/2425

---

kotak

कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड

ई-नीलामी सह बिक्री के लिये आम सूचना

पंजीकृत कार्यालय 27BKC, C 27, G- ब्लाक, बान्द्रा कुर्ला काम्प्लेक्स, बान्द्रा (ई) मुम्बई- 400051.
कार्पोरेट आफिस : कोटक इनफिनिटी, जोन-II, चौथी मंजिल, बिल्डिंग नं.-21, इनफिनिटी पार्क, off. W.E. हाईवे, गौरेगांव, मुम्बई-400097.
ब्रांच/क्षेत्रीय कार्यालय : कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, मुक्ता प्रयाग काम्प्लेक्स, निरंकारी फर्नीचर के पीछे, पंडरी, रायपुर-492001 छ.ग.

एतद्वारा आम लोगों को तथा विशेष रूप से कर्जदार/ सहकर्जदार/ गारंटर/ गिरवीकर्ता को सूचित किया जाता है कि कोटक महिन्द्रा बैंक लिमि. के पास गिरवी रखी गई नीचे विवरणित अचल संपत्ति जिसका भौतिक कब्जा कोटक महिन्द्रा बैंक लिमि. के प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा लिया है तथा इसे ''जहां है, जैसा है'', ''जैसा है, जो है'' तथा ''जो है, वहां है'' के आधार पर बिक्री किये जाएंगे, हमारे ई-नीलामी सर्विस पार्टनर, मे. C-1 इंडिया प्रा.लिमि. के वेब पोर्टल यानि www.c1india.com के जरिये, अचल संपत्ति, जिसका विवरण नीचे दिये गये हैं, की बिक्री के लिये, अधोहस्ताक्षरी के द्वारा आनलाइन जमा करने के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं :

कर्जदार(रों)/गारंटर(र्स) /गिरवीकर्ता(ओं) का नाम	डिमांड नोटिस तिथि एवं राशि	अचल संपत्तियों का विवरण	रिजर्व प्राइस	प्रतिभूति राशि जमा (EMD)	अचल संपत्तियों के निरीक्षण की तिथि
LAN: BBA- WC 685042000145/TL 685044000665 एवं कामन CRN सभी लोन एकाउंट्स-37696860) 1. मे. शिवांश इंटरप्राइजेस, पताः 71/8, नेहरुनगर, भिलाई छ.ग. यह भीः 11 H & L हैवी इंडस्ट्रीयल एरिया हथखोज, भिलाई, छ.ग. (कर्जदार) 2. मि. चन्द्रप्रकाश त्रिपाठी, पताः 78/8 नेहरुनगर, भिलाई, छ.ग., यह भी : 11 H & L हैवी इंडस्ट्रीयल एरिया हथखोज, भिलाई, छ.ग. (सह-कर्जदार/गारंटर) 3. मि. देवप्रकाश त्रिपाठी, पताः 71/8, नेहरुनगर, भिलाई छ.ग. यह भीः 11 H & L हैवी इंडस्ट्रीयल एरिया, हथखोज, भिलाई, छ.ग. (सह- कर्जदार/गारंटर), 4. मि. रविप्रकाश त्रिपाठी, पता-71/8 नेहरुनगर, भिलाई छ.ग, यह भीः 11 H & L हैवी इंडस्ट्रीयल एरिया, हथखोज, भिलाई छ.ग. (सह-कर्जदार/गारंटर) 5. श्रीमती अंजना त्रिपाठी, पताः 71/8, नेहरुनगर भिलाई छ.ग., यह भीः 11 H & L हैवी इंडस्ट्रीयल एरिया हथखोज भिलाई छ.ग. (सह-कर्जदार/गारंटर)	डिमांड नोटिस तिथि 03.12.2015 रु. 2,67,92,085.60/- (रुपये दो करोड़ सड़सठ लाख बियान्बे हजार पचासी एवं साठ पैसे मात्र) दिनांक 30.11.2015 की तिथि को	संपत्तिः 1 गिरवी रखी गई संपत्ति का सभी हिस्सा तथा पार्सल, जो प्लाट नं. 11/L-1, 11/L व 11/H (एरिया- 15000+1 1000+10200= 36200 वर्गफीट) 'हैवी इंडस्ट्रीयल एरिया भिलाई' मौजा- हथखोज, RNM दुर्ग-01, तहसील व जिला- दुर्ग (छ.ग.) 490024 में स्थित है. सीमाएंः पूर्व- प्लाट नं. 11/D पश्चिम- प्लाट नं. 11/C का हिस्सा, उत्तर- सड़क, दक्षिणः प्लाट नं. 11 का खाली हिस्सा. संपत्तिः 2 गिरवी रखी गई संपत्ति का सभी हिस्सा तथा पार्सल जो प्लाट नं. 8, ब्लाक नं. 71, नेहरुनगर (पश्चिम) अमाडी भिलाई, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ में स्थित है. सीमाएं इस प्रकार हैः पूर्व- प्लाट नं. 9, पश्चिम- ओपन प्लाट, उत्तर- सड़क, दक्षिण- प्लाट नं. 7.	रु. 1,00,00,000/- (रुपये एक करोड़ मात्र) (संपत्ति 1 के लिये) रु. 1,15,00,000/- (रुपए एक करोड़ पन्द्रह लाख मात्र) (संपत्ति 2 के लिये)	रु. 10,00,000/- (रुपये दस लाख मात्र) (प्रापर्टी-1 के लिये) रु. 11,50,000/- (रुपये ग्यारह लाख पचास हजार मात्र) प्रापर्टी-2 के लिये)	10/जुलाई/2024 11.00 बजे- 12.00 बजे **नीलामी की तिथि/समय** 16/जुलाई/2024 11.00 बजे से 12.00 तक

बिड इन्क्रीज राशि 5,00,000/- प्रस्ताव/ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 15/जुलाई/2024, **5.00 PM** तक

बिक्री की महत्वपूर्ण नियम व शर्तेः-

(1) नीलामी बिड कागजात के आगे की नियम एवं शर्तों के अनुसार तथा इस पर निहित प्रक्रिया के अनुसार होगी. बिड कागजातों, ई-नीलामी के लिये रखी गई सेक्यूर्ड संपत्ति तथा बिड प्रपत्र, जिसे आन लाइन जमा किये जायेंगे, के लिये बिडर्स हमारे ई- नीलामी सेवा प्रदायदाता मे. C1 इंडिया प्रा. लिमि. की बेवसाइट यानि https://www.bankeauctions.com के जरिये जाएं, (2) समस्त इच्छुक खरीददारों/ बिडर्स को उपर उल्लेखित वेबपोर्टल यानि https://www.bankeauctions.com पर अपने नाम का पंजीयन करना आवश्यक है तथा उपर उल्लेखित तिथि एवं समय पर ई- नीलामी में भाग लेने के लिये निःशुल्क स्वयं का युजर आईडी तथा पासवर्ड बनाना आवश्यक है. (3) किसी भी तरह के पूछताछ जानकारी, सपोर्ट प्रक्रिया तथा ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिये भावी बिडर्स मे. C1 इंडिया प्रा. लिमि., हमारे ई- नीलामी सर्विस पार्टनर हरजिंदर के विभाग से, मोबाइल नं. 9626804343 व ई-मेल आईडी mpcg@c1india.com व support@bankeauctions.com पर संपर्क कर सकते हैं, (4) प्राधिकृत अधिकारी के बेहतर जानकारी व ज्ञान के अनुसार संपत्ति/यों पर कोई भी अधिभार नहीं हैं. फिर भी, इच्छुक बिडर्स, उपर उल्लेखित अनुसार या कोई अन्य तिथि व समय पूर्व नियुक्ति लेकर संपत्ति एवं इसके दस्तावेजों की जांच कर सकते हैं तथा उन्हें अपने बिड जमा करने से पहले, ई-नीलामी पर रखी गई संपत्ति का अधिभार, संपत्ति/यों का टाइटिल तथा संपत्ति को प्रभावित करने के दावे/अधिकार/देयकों के संबंध में स्वयं स्वतंत्र जांच कर लेना चाहिए. ई-नीलामी का विज्ञापन, केएमबीएल (KMBL) के कोई भी प्रतिबद्धता या कोई भी प्रतिनिधित्व को नहीं दर्शाता/संपत्ति को समस्त मौजूदा तथा आगे के अधिभारों के साथ चाहे केएमबीएल को ज्ञात हो या अज्ञात हो, बिक्री किये जा रहे हैं. प्राधिकृत अधिकारी/ सेक्यूर्ड क्रेडिटर कोई भी तीसरी पार्टी के दावों/अधिकारों/देयकों के लिये, किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा. ई-नीलामी में भाग लेने के लिये इच्छुक खरीदारों/बिडर्स को वेबपोर्टल (https://www.bankeauctions.com) पर **'कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड'** के पक्ष में आहरित डिमांड ड्राफ्ट जो दिल्ली में देय हो के द्वारा उपर उल्लेखित अनुसार सेक्यूर्ड संपत्ति का ब्याज रहित वापसी योग्य प्रतिभूति राशि जमा (EMD) के भुगतान का विवरण, पैन कार्ड, आधार कार्ड, निवास के पता का साक्ष्य कंपनी की स्थिति में बोर्ड रिजाल्यूशंस तथा उपरोक्त निर्दिष्ट अनुसार पते के साक्ष्य की स्व प्रमाणित प्रतिलिपियों के साथ जमा/अपलोड करना होगा. (5) अन्य सभी बिडर्स जो ई-नीलामी में सफल नहीं होंगे उनकी ईएमडी राशि को KMBL के द्वारा ई-नीलामी के बंद होने के 72 कार्य घंटे के भीतर वापस कर दिये जाएंगे. ईएमडी पर ब्याज नहीं दिये जाएंगे, (6) सफल खरीददार/बिडर के द्वारा क्रय राशि की शेष राशि को, प्राधिकृत अधिकारी/ सेक्यूर्ड क्रेडिटर द्वारा उक्त सेक्यूर्ड संपत्ति के ''बिक्री की पुष्टि'' की तिथि से पन्द्रह (15) दिन या इसके पूर्व या प्राधिकृत अधिकारी के स्वयं के निर्णय पर लिखित में सहमति के अनुसार ऐसे किसी विस्तारित अवधि में भुगतान करना होगा. चूक होने की स्थिति में, तब तक जमा किये गए समस्त राशि जब्त कर लीजाएगी. (7) यह कि कर्जदारों/सहकर्जदारों/पार्टनर्स/गिरवीकर्ताओं ने SA नं. 156/16 के तहत माननीय DRT जबलपुर SA के समक्ष, प्रतिभूतिकरण आवेदन फाइल किये हैं जिसका निपटान होना है. (8) सफल बिडर को पैन नं. ABAFS 3020K पर TDS के रुप में बिक्री मूल्य का 1% भुगतान करना होगा. (बिक्री से प्राप्त आय) तथा प्राधिकृत अधिकारी को TDS प्रमाण पत्र जमा करना होगा तथा बिक्री मूल्य के संपूर्ण राशि को (1% TDS कटौती के बाद) EMD को समायोजन करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रस्ताव की स्वीकृति के 15 दिनों भीतर या कोई अन्य विस्तारित समय के भीतर, जो प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उचित समझे जमा करना होगा अन्यथा प्रतिभूति राशि जब्त हो जाएगी.

कर्जदार(रों)/गिरवीकर्ता(ओं)/गारंटर(रों) को SARFAESI अधिनियम के नियम 6 (2), 8 (6) व 9 (1) के तहत एतद्वारा 15 दिन पूर्व वैधानिक नोटिस दी जाती है कि उपरोक्त उल्लेखित अनुसार बकाया राशि का, तिथि तक ब्याज तथा खर्चों सहित, इस नोटिस की तिथि से तीस दिनों के भीतर भुगतान करके अपने दायित्व से मुक्त हो जाएं अन्यथा सेक्यूर्ड संपत्ति की बिक्री ऊपर उल्लेखित नियमों तथा शर्तों के अनुसार कर दी जाएगी. यदि अंग्रेजी तथा स्थानीय भाषा के अखबार के बीच विक्रय सूचना के प्रकाशन में यदि कोई अंतर होता है तो ऐसी स्थिति में अंग्रेजी अखबार, स्थानीय भाषा के अखबार का स्थान ले लेगा तथा इसे ही अंतिम प्रति (final copy) माना जाएगा, इस प्रकार अस्पष्टता दूर हो जाएगी. यदि कर्जदार/गारंटर्स/गिरवीकर्ता बिक्री तिथि से पहले बैंक को पूरी बकाया राशि का भुगतान कर देते हैं तो नीलामी रोकी जा सकती है.

बिक्री की विस्तृत नियमों तथा शर्तों के लिये प्राधिकृत अधिकारी रविन्द्र द्विवेदी @ +919764443818 तथा मि. अशोक मोटवानी @ 9873737351 पर बैंक के उपरोक्त उल्लेखित क्षेत्रीय कार्यालय में संपर्क करें.

विशेष अनुदेशः ई-नीलामी हमारे सर्विस प्रोवाइडर, मे. C1 इंडिया प्रा. लिमि. के द्वारा, कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड (KMBL) के तरफ से, पूर्व-निर्दिष्ट तिथि को होगी, जबकि बिडर्स, रिजर्व प्राइस के ऊपर अपने पसंद के अनुसार, अपने स्वयं के घर/कार्यालयों/ अपने बिड के स्थान से कोट करेंगे. इंटरनेट कनेक्टिविटी तथा अन्य साज समान की जरुरतों को स्वयं बिडर्स को सुनिश्चित करना होगा. कृपया ध्यान रहे, कि इंटरनेट कनेक्टिविटी में असफलता (किसी भी कारण से, चाहे जो भी वजह हो) बिडर्स की स्वयं की जिम्मेदारी होगीतथा न तो KMBL न ही C1 इंडिया प्रा. लिमि. इन अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिये जिम्मेदार होगा. ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिये, बिडर्स से अनुरोध है कि वे आवश्यक प्रबंध/विकल्प की व्यवस्था जो भी जरुरत हो, कर लेवें जिससे कि इस तरह की परिस्थिति से बचा जा सके तथा ई- नीलामी में सफलतापूर्वक भाग लिया जा सके. अतएव बिडर्स से अनुरोध है कि वे ऐसी विषम परिस्थिति से बचने के लिये अपने बिड कोट करने/इम्प्रूव्ह करने के लिये अंतिम समय की प्रतीक्षा न करें.

स्थान : दुर्ग/भिलाई दिनांक : 15.06.2024

हस्ताक्षरित/- प्राधिकृत अधिकारी, कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड

Directorate General of Training

भारत सरकार
कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय
प्रशिक्षण महानिदेशालय
(https://www.msde.gov.in/)

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

प्रवेश सूचना- 2024-25 पाठ्यक्रमों के लिए

राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआइ) तथा प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण संस्थान (आईटीओटी) में शिल्प अनुदेशक प्रशिक्षण योजना (सीआईटीएस) के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 पाठ्यक्रमों में प्रवेश अखिल भारतीय सामान्य प्रवेश परीक्षा (एआईसीईटीई) के माध्यम से दिया जाएगा जो 21.07.2024 को निर्धारित की गई है. देश भर के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की जाने वाली सीबीटी (ऑनलाइन) प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र अभ्यर्थियों से प्रवेश हेतु वेबसाइट www.nimionlineadmission.in पर दिनांक 15.06.2024 से 05.07.2024 के बीच आवेदन आमंत्रित किए हैं. प्रवेश परीक्षा से संबंधित सभी विवरण वेबसाइट www.nimionlineadmission.in पर उपलब्ध होंगे.

CBC 63101/11/0002/2425